फिजिकल फिटनेस एवं कैलिग्राफी पर कार्यशाला

दुर्ग. सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय व सेठ बद्रीलाल खण्डेलवाल शिक्षा महाविद्यालय दुर्ग द्वारा महाविद्यालय में 6 मार्च को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के अन्तर्गत महिलाओं के फिजिकल फिटनेस एवं कैलिग्राफी की कार्यशाला का आयोजन किया गया. फिजिकल फिटनेस के लिए

मुख्य अतिथि के रूप में नेहा भांडेकर उपस्थित होकर छात्राओं को फिजिकल फिटनेस के बारे में जागरूक कर कुछ व्यायामों का प्रशिक्षण दिया. कैलिग्राफी के लिए दीपाली बेबे ने छात्राओं को पेपर से फूल बनाना, कार्ड बनाना सिखाया. कार्यशाला में सेठ बद्रीलाल खण्डेलवाल शिक्षा महाविद्यालय के बी.एड. प्रशिक्षणार्थी भी शामिल हुए. यह कार्यक्रम महाविद्यालय के महिला इकाई द्वारा आयोजित किया गया. कार्यशाला में डॉ. किरण तिवारी, डॉ. दुर्गा शुक्ला, डॉ. आयशा अहमद, डॉ. रानी शुक्ला, प्राची ढके एवं महाविद्यालय के अन्य महिला प्राध्यापक, शिक्षा महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती अर्चना षडंगी व छात्राएं उपस्थित थे.